दिसम्बर,2024/भाग-2/अंक 09

# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर

# सृजनिका

मासिक पत्रिका

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान

National Institute of Fashion Technology












# अनुक्रमणिका


1. दीक्षांत समारोह 2024 ........................................................02
2. हस्तशिल्प कार्यशाला ........................................................04
3. एडमिशन्स 2025 आउटरीच इनिशिएटिव्स......................................05
4. प्रवेश 2025 के लिए वेबिनार का आयोजन...........................08




## दीक्षांत समारोह 2024

निफ्ट, गांधीनगर ने 2024 के स्नातक बैच के लिए एक भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित किया। इस आयोजन में गणमान्य व्यक्तियों के आगमन के साथ गार्ड ऑफ ऑनर भी शामिल था। मुख्य अतिथि श्रीमती सुनैना तोमर (आईएएस), सुश्री सिंजू मंजन, प्रमुख (एए), प्रो. डॉ. सुधा ढींगरा, डीन अकादमिक, प्रो. डॉ. समीर सूद,निफ्ट निदेशक जी ने समारोह को उद्घाटित किया एवं इस अवसर पर परिश्रर के परिसर के वरिष्ठ अधिकारीगण, सीएसी, सभी सीसी और संकाय सदस्य,कर्मचारी शामिल थे आयोजन की शुरुवात दीप प्रज्वलन, "सर्वधर्म प्रार्थना" और "सरस्वती वंदना" के साथ हुई एवं निदेशक प्रो. डॉ. समीर सूद ने स्वागत संबोधन कर शैक्षणिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और प्रो. डॉ. सुधा ढींगरा, डीन अकादमिक ने छात्रों को दीक्षांत प्रतिज्ञा दिलाई।



















## दीक्षांत समारोह 2024

निफ्ट गांधीनगर परिसर निदेशक, प्रो. डॉ. समीर सूद जी ने अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए, इस वर्ष 180 स्नातक और 69 स्नातकोत्तर छात्र शामिल हुए, प्रो. डॉ. समीर सूद जी ने लक्ष्य-निर्धारण, जुनून और दृढ़ता पर जोर देते हुए छात्रों को प्रेरित किया। समारोह में मेधावी और शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। टेक्सटाइल सस्टेनेबिलिटी और क्राफ्ट डिज़ाइन प्रोजेक्ट्स पर प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन श्रीमती तोमर ने प्रोफेसर डॉ. सूद और प्रोफेसर डॉ. ढींगरा की उपस्थिति में किया।
























## हस्तशिल्प कार्यशाला

निफ्ट गांधीनगर ने छात्रों के परियोजना के रूप में गुजरात के तीन पारंपरिक हस्तशिल्पों जैसे  सौदागरी ब्लॉक प्रिंटिंग, सुजनी बुनाई, और पिथौरा पेंटिंग्स के साथ सहयोग किया और नए डिज़ाइन तैयार किए। निफ्ट  के निदेशक, प्रो. समीर सूद ने कहा कि निफ्ट गांधीनगर ने हमेशा भारत के समृद्ध हस्तशिल्प धरोहर को संरक्षित और पुनर्जीवित करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। डॉ. शुभांगी यादव,सह प्राध्यापक और रुपाली पंडित, सह प्राध्यापक के मार्गदर्शन में, छात्रों ने इन हस्तशिल्प कलाओं  को नए जिवंत आकार देने के लिए शाकिर बंगला वाला, सुजनीवाला परिवार और  कारीगरों के साथ मिलकर काम किया।











## एडमिशन्स 2025 आउटरीच इनिशिएटिव्स

निफ्ट गांधीनगर ने अपने आगामी एडमिशन्स 2025 कार्यक्रम के तहत देशभर के विभिन्न स्कूलों में छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने और प्रेरित करने के लिए कई पहल की हैं। इस दौरान फैकल्टी के सदस्यों ने छात्रों को निफ्ट के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की, जो उन्हें अपने करियर को नया आयाम देने में सहायक सिद्ध हुई।

भावनगर में स्कूल विज़िट

10 दिसंबर 2024 को निफ्ट गांधीनगर के फैकल्टी सदस्य, डॉ. रंजीत कुमार, और श्री ऋषभ कुमार ने भावनगर स्थित अमरज्योति सरस्वती विद्यालय (सिल्वर बेल स्कूल) और पीएम श्री केन्द्रीय विदयालय का दौरा किया। उन्होंने छात्रों को निफ्ट के प्रतिष्ठित संस्थान होने की जानकारी दी, कोर्सेज और करियर के रास्तों के बारे में बताया, और प्रवेश परीक्षा, पात्रता मानदंड, और तैयारी की रणनीतियों की जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान छात्रों ने विभिन्न कोर्सेज, इंटर्नशिप्स, प्लेसमेंट्स और परीक्षा की टिप्स के प्रति विशेष रुचि दिखाई। छात्रों और स्कूल प्रतिनिधियों द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।


















## एडमिशन्स 2025 आउटरीच इनिशिएटिव्स

### दाहोद में उत्साहजनक सत्र

13 दिसंबर 2024 को निफ्ट गांधीनगर के निदेशक प्रो. डॉ. समीर सूद जी के दिशा निर्देशन में प्रो. डॉ. समीर सूद, श्री भारत जैन, श्री विमल सिंह ने दाहोद जिले के विभिन्न स्कूलों का दौरा किया, जिनमें अकादमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल और हिंदी उच्चतर माध्यमिक शामिल थे। इस दौरान प्रो. डॉ. समीर सूद जी ने छात्रों को निफ्ट के अवसरों के बारे में प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने क्रिएटिविटी, इनोवेशन, और करियर ग्रोथ पर ज़ोर दिया और निफ्ट के नेशनल प्रेज़ेंस, डाइवर्स एडमिशन पाथवेज़, स्कॉलरशिप प्रोग्राम्स और इंडस्ट्री अफिलिएशंस के बारे में बताया।













## एडमिशन्स 2025 आउटरीच इनिशिएटिव्स

18 दिसंबर 2024 को निफ्ट गांधीनगर निदेशक प्रो. डॉ. समीर सूद जी के दिशा निर्देशन में प्रो. डॉ. समीर सूद, श्री अभिषेक शर्मा, श्री विमल सिंह ने दाहोद जिले की टीम ने दाहोद के अन्य स्कूलों जैसे एम.वाई. हाई स्कूल, आर एंड एल पांड्या स्कूल, और स्वनिर्भर स्कूल का दौरा किया। प्रो. डॉ. समीर सूद जी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए निफ्ट के अवसरों के बारे में बताया, जिससे छात्रों के करियर के प्रति उत्साहवर्धन हुआ। इस दौरान स्कूलों के प्रशासन ने टीम के दौरे के प्रति आभार व्यक्त किया और छात्रों के करियर के सपनों को एक नया आयाम देने की सराहना की। निफ्ट गांधीनगर  की इन पहल के माध्यम से छात्रों को फैशन और डिज़ाइन में संभावनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है, जिससे वे अपने करियर को एक नया दिशा दे सकें। इन प्रयासों से निफ्ट  को छात्रों और स्कूलों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और भविष्य में और भी फॉलो-अप सत्रों की योजना बनाई जा रही है।














# प्रवेश 2025 के लिए वेबिनार का आयोजन


निफ्ट गांधीनगर ने ऑनलाइन वेबिनार्स का आयोजन भी किया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। वेबिनार्स की तारीखें और विवरण इस प्रकार हैं:


वेबिनार तिथि: 06/12/2024 समय: सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक स्थान: निफ्ट गांधीनगर वेबिनार आयोजितकर्ता: श्री रवि जोशी,सहायक प्राध्यापक और श्री विमल सिंह,सहायक प्राध्यापक


वेबिनार तिथि: 20/12/2024 समय: सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक स्थान: निफ्ट गांधीनगर वेबिनार आयोजितकर्ता: श्री अभिषेक शर्मा,सह प्राध्यापक और सुश्री जल्पा वानीकर, सह प्राध्यापक

वेबिनार तिथि: 27/12/2024 समय: सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक स्थान: निफ्ट गांधीनगर वेबिनार आयोजितकर्ता: डॉ. भास्कर बनर्जी ,सह प्राध्यापक

इन वेबिनार्स में छात्रों कोनिफ्ट के कोर्सेज, करियर ऑप्शंस, एडमिशन प्रक्रिया, स्कॉलरशिप्स, और इंडस्ट्री कनेक्शंस के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों और शिक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया इन पहलों की सफलता का प्रमाण है।








**राजभाषा अनुभाग**

**राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर**

**वस्त्र मंत्रालय , भारत सरकार**